**अधिशाषी अभियंता, खण्ड कार्यालय**
**उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) महोबा–210427**
*email id :* eecivilmahoba_upjn@yahoo.com

**पत्रांक:** **4632 / एम–06 / 13** **दिनांक: 01.07.2026**

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
हमीरपुर।

**विषय :– इलेक्ट्रानिक मीडिया अमर उजाला में दिनांक–15.06.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक ''ग्रामीण 18 दिन से ढो रहे पानी, गर्मी में सूख गये हलक'' के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक इलेक्ट्रानिक मीडिया अमर उजाला में दिनांक–15.06.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक **''ग्रामीण 18 दिन से ढो रहे पानी, गर्मी में सूख गये हलक''** के द्वारा ग्राम उपरी एवं सायर में आधी तूफान के कारण बिजली संकंट के चलते पेयजल समस्या एवं ग्राम में बनी पानी की टंकी लीकेंज होने के सम्बन्ध में खबर प्रकाशित की गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि ग्राम उपरी एवं सायर जल जीवन मिशन के अर्न्तगत पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना से आच्छादित है। उक्त ग्रामों में पेयजल आपूर्ति हेतु 250 के0एल0/20 मी0 क्षमता का शिरोपरि जलाशय तथा ग्राम उपरी में 318 नग एवं सायर में 1421 नग गृह नल संयोजन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। दिनांक–28.05.2026 को आयी आधी तूफान के फलस्वरूप क्षेत्र की विधुत आपूर्ति बार–बार वाधित होने के कारण जल शोधन संयंत्र (डबलू0 टी0 पी0) एवं पम्पिंग कार्य प्रभावित हुआ था, जिससे पेयजल आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न हूआ। पेयजल आपूर्ति वाधित न हो, इसके लिए कार्यदायी फर्म द्वारा तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था डी0जी0 सेट के माध्यम से पम्पिंग कर जल शोधन संयंत्र के माध्यम से जलापूर्ति की गयी।

विधुत आपूर्ति सामान्य होते ही उक्त ग्रामों में नियमित रूप से जलापूर्ति करायी जा रही है। समााचार में ग्राम प्रधान उपरी श्रीमती सुमित्रा द्वारा ओवर हैंड टैंक में लीकेज होने का उल्लेख किया गया है जबकि विभागीय निरीक्षण में ओवर हैंड टैंक पूर्णतः सीपेंज रहित पाया गया। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित ग्राम प्रधान द्वारा लिखित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया है कि ओवर हैंड टैंक में किसी प्रकार का रिसाव नही है।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार**

भवदीय

Ravi

(रवि प्रताप सिंह)
अधिशाषी अभियन्ता

**प्रतिलिपीः निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेशितः–**

1. मुख्य अभियन्ता (बुन्देलखण्ड क्षेत्र),उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), बाँदा।
3. अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), जनपद हमीरपुर।
4. सम्बंधित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर खण्डान्तर्गत ।
5. प्रोजेक्ट मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0, हमीरपुर।

Ravi

अधिशाषी अभियन्ता

प्रमाण पत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि ग्राम "उपरी ,सायर" स्थित OHT (over Head Tank) का निरिक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान OHT सुरक्षित एवं सुचारू स्थिति मे है।

पूर्व मे OHT लीकिज सम्बधी जो सूचना दी गई थी व तथ्यात्मक रूप से सही नही पायी गई——

दिनाँक 17/06/2026

स्थान उपरी सायर


हस्ताक्षर ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत

Santoshi Devi

ग्रा० प्रधान

उपरी


GPS Map Camera
Sayar, Uttar Pradesh, भारत
Sukkhu House, Above Kali Maiya Ke Bagal Me,


GPS Map Camera
Sayar, Uttar Pradesh, भारत
Sukkhu House, Above Kali Maiya Ke Bagal Me,
Sayar, Uttar Pradesh 210507, भारत
Lat 25.749279° Long 80.004093°
रविवार, 28/06/2026 08:48 AM GMT +05:30
Google


Par Khera, Uttar Pradesh, India


Par Khera, Uttar Pradesh, India
P2p2+5qm, Par Khera, Uttar Pradesh 210341, India
Wednesday, 01/07/2026 11:44 AM GMT +05:30


Google
पर खेरा, उत्तर प्रदेश, भारत
P2p2+5qm, पर खेरा, उत्तर प्रदेश 210341, भारत
Lat 25.736202° Long 80.002065°
सोमवार, 15/06/2026 01:50 PM GMT +05:30


Google
पर खेरा, उत्तर प्रदेश, भारत
P2p2+5qm, पर खेरा, उत्तर प्रदेश 210341, भारत
Lat 25.73602° Long 80.001983°
सोमवार, 15/06/2026 01:50 PM GMT +05:30